# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 22 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 26

## प्रधानमंत्री मोदी ने किए भगवान बदरीनाथ के दर्शन, 3400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**देहरादून (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सीमा पर स्थित उत्तराखण्ड के माणा गांव में आयोजित कार्यक्रम में 3400 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब दो नई रोपवे परियोजनाओं सहित दो सडक़ चौड़ीकरण परियोजनाएं माणा से माणा पास (एनएच -07) और जोशीमठ से मलारी (एनएच107बी) शामिल हैं।

**यात्रा का कम से कम 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें पर्यटक-** प्रधानमंत्री ने माणा गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गये स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि माताओं व बहनों ने बहुत अच्छा काम किया है। पैकेजिंग वगैरह में मन प्रसन्न हो गया। प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का जिक्र करते हुए देशवासियों से आग्रह किया कि जहां भी जाएं एक संकल्प करें कि यात्रा पर जितना भी खर्च करते हैं उसका कम से कम 5 प्रतिशत वहां के स्थानीय उत्पाद खरीदने पर खर्च करें। इन सारे क्षेत्रों में इतनी रोजी रोटी मिल जायेगी, आप कल्पना भी नही कर सकते।



**सीमावर्ती गांवों में विकास जीवन का उत्साह हो-** प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड काल में कोरोना की वैक्सीन पहाड़ों तक पहुंचाई गई। इसमें उत्तराखण्ड और हिमाचल में बेहतर काम किया गया। गरीब कल्याण योजना में उत्तराखण्ड के लाखों लोगों को लाभ मिला। डबल इंजन सरकार ने होम स्टे और स्किल डेवलपमेंट से युवाओं को जोड़ा है। पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं को एनसीसी से जोड़ रहे हैं। विकास कार्यों में तेजी आई है। पर्यटन का विस्तार हो रहा है। जल जीवन मिशन से गांवों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। मल्टी मॉडल कनेक्टीवीटी प्रदान करने के लिये काम किया जा रहा है। सागरमाला, भारतमाला की तरह अब पर्वतमाला परियोजना पर काम होने जा रहा है। रोपवे पर बहुत बड़ा काम होने जा रहा है। बॉर्डर के गांवों में चहल पहल बढऩी चाहिए। विकास जीवन का उत्साह होना चाहिए। जो कभी गांव छोडक़र गये है, उनका वापस लौटने का मन करे, हमें ऐसे जिंदा गांव बनाने हैं।

**सीमाओं पर बसा हर गांव देश का पहला गांव-** प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा माणा को भारत के अन्तिम गांव की बजाय देश का पहला गांव कहे जाने पर मुहर लगाते हुए कहा कि अब तो मेरे लिये भी सीमाओ पर बसा हर गांव देश का पहला गांव ही है। पहले जिन इलाकों को देश के सीमाओं का अंत मानकर नजर अंदाज किया जाता था, हमने वहां से देश की समृद्धि का आरंभ मानकर शुरू किया। लोग माणा आएं , यहां डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयाग किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि माणा गांव से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृति बताते हुए कहा कि आज से 25 वर्ष पहले जब वह उत्तराखण्ड में भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते थे एक अनजाने जीवन के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे तो उस समय उनके द्वारा माणा में उत्तराखण्ड भाजपा कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई थी, तो मेरे कार्यकर्ता नाराज भी हुए थे इतने दूर इतनी मेहनत से जाना पड़ेगा। तब मेरे द्वारा कहा गया कि जिस दिन हमारे दिल में माणा गांव का महत्व पक्का हो जायेगा ना उस दिन उत्तराखण्ड की जनता के दिल में महत्व बन जायेगा। और उसी का परिणाम है, माणा गांव की मिट्टी की ताकत है आप सभी का आशीर्वाद है। माणा की धरती के आशीर्वाद से हमें दुबारा सेवा करने का मौका मिला है।

**21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज का दिन बाबा केदार और बाबा बद्रीविशाल के दर्शन करके उनका आर्शीवाद प्राप्त करके जीवन धन्य हो गया है तथा यह पल पल मेरे लिये चिरंजीवी हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के सानिध्य में, बाबा के आदेश से, बाबा के कृपा से पिछले बार जब मैं आया था तो कुछ शब्द मेरे मुंह से निकले थे कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का है। मैं आप सभी को बताना चाहुंगा कि वह शब्द मेरे नही थे, वे शब्द बाबा के आर्शीवाद से मेरे मुख से निकले थे। आज मैं आप सभी के बीच इन नई परियोजनाओं के साथ फिर वही संकल्प दोहराने आया हूं।

**विकसित भारत के दो प्रमुख स्तंभ, अपनी विरासत पर गर्व और विकास के लिए प्रयास-** प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के दो प्रमुख स्तंभ है, पहला अपनी विरासत पर गर्व और विकास के लिए हर संभव प्रयास। उत्तराखण्ड इन दोनो ही स्तम्भों को मजबूत कर रहा है। आज मुझे दो रोपवे के शिलान्यास का मौका मिला है। इससे केदारनाथ जी और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करना और आसान हो जायेगा। इन रोपवे से काम करने वाले लोगों पर देश के 130 करोड़ लोगों का आर्शीवाद बरसने वाले हैं। श्रमिकों और एंव इंजिनियरों से बात करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि वे भगवान का काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इन काम में लगे मजदूरों का ध्यान रखने का आग्रह किया।

## अरूणाचल प्रदेश में सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार सवारों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सेना का एक उन्नत हल्का हेलिकॉप्टर आज अरूणाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार पांच में से चार कर्मियों की मौत हो गई। सेना के अनुसार दुर्घटना सुबह 10 बजकर 43 मिनट पर हुई और उस समय हेलिकॉप्टर अरूणाचल प्रदेश के उपरी सियांग जिले में उडान भर रहा था। दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर का पता लगाने के लिए वायु सेना और सेना की संयुक्त बचाव टीमों ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया जिसमें एक एमआई -17 और दो उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर तथा सेना की तीन टकडिय़ां शामिल थी।



सेना की ओर से बताया गया है कि हेलिकॉप्टर में पांच व्यक्ति सवार थे जिनमें से चार के पार्थिव शरीर मिल गए हैं। हेलिकॉप्टर दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट में कहा कि अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले में भारतीय सेना के उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में बहुत परेशान करने वाली खबर मिली. मेरी गहरी प्रार्थना।

## बड़ी कार्यवाई : ईडी ने ज्वेलर्स की 150 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की, 1.96 करोड़ रुपए नगद बरामद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने हाल ही में एमबीएस ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुसद्दीलाल जेम्स एंड ज्वेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इसके निदेशक सुकेश गुप्ता और अनुराग गुप्ता के हैदराबाद स्थित परिसरों में तलाशी अभियान चलाया है और विजयवाड़ा, और 149.10 करोड़ रुपये के आभूषण और 1.96 करोड़ रुपये नकद जब्त किए। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के दौरान यह कार्रवाई की थी। सुकेश गुप्ता को ईडी ने 18 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उन्हें नामपल्ली, हैदराबाद में विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।





ईडी ने सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा गुप्ता और उनकी कंपनियों के खिलाफ क्रेता क्रेडिट योजना के तहत सर्राफा की खरीद में एमएमटीसी लिमिटेड (एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम) को धोखा देने के लिए दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की।

गुप्ता ने एमएमटीसी हैदराबाद के कुछ अधिकारियों की सक्रिय मिलीभगत से लगातार विदेशी मुद्रा कवर के बिना और पर्याप्त सुरक्षा जमा के बिना सोना उठाया था और उनकी बकाया राशि को एमएमटीसी प्रधान कार्यालय को लगातार गलत बताया गया था और मौजूदा घाटे को चुकाए बिना उनकी फर्मो ने और अधिक उठाना जारी रखा था। इस तरह एमएमटीसी को 504.34 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन का नुकसान हुआ।

सीबीआई पहले ही गुप्ता और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। ईडी की जांच के दौरान पाया गया कि गुप्ता ने एमएमटीसी हैदराबाद के विभिन्न अधिकारियों के साथ मिलीभगत की और अपने खाते की एक गलत तस्वीर पेश की और हमेशा की तरह अपने कारोबार को चलाने के लिए अधिक से अधिक सोना उठाते रहे और अंतत: एमएमटीसी को भारी नुकसान हुआ। सुकेश गुप्ता ने 2019 में एमएमटीसी के साथ ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) भी किया। हालांकि, एमएमटीसी ने पुष्टि की कि सुकेश गुप्ता ने ओटीएस शर्तो का पालन नहीं किया और ओटीएस विफल हो गया।

## पाक सेना की नई चाल 'व्हाट्सएप आतंक', भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान ने भारत में आतंकी मनोविकृति फैलाने के लिए सोशल मीडिया टूल्स को हथियार बनाने वाला एक नया आतंकवादी गेम फेस लॉन्च किया है और त्योहारों के मौसम को देखते हुए भारत सरकार ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। इस साल अगस्त की शुरूआत में, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को पाकिस्तान से एक व्हाट्सएप संदेश मिला था जिसमें इस साल मुंबई हमले की चेतावनी दी गई थी। हालांकि मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है, सरकार ने दहशत को फैलने से रोकने के लिए सभी प्रयास किए।

नवंबर 2008 में हुए मुंबई हमलों ने दुनिया भर में अत्यधिक चिंता पैदा कर दी थी। इस हमले को पाकिस्तान के 10 आतंकवादियों ने अंजाम दिया था, जिन्हें पाकिस्तानी सेना के एजेंटों द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। कई आईएसआई और सेना के अधिकारी हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में शामिल थे, इस हमले में विदेशियों समेत करीब 170 लोगों की मौत हो गई थी। तब से, पाकिस्तान द्वारा इसी तरह के हमले को अंजाम देने की आशंका हमेशा बनी रहती है। हालांकि, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), एक ज्ञात वैश्विक आतंकवादी संगठन, जो पाकिस्तान सेना से जुड़ा हुआ था, उसे हमले में शामिल पाया गया था, इसके किसी भी नेता या कैडर पर मुंबई हमलों के लिए मुकदमा नहीं चलाया गया था। हमलों में उनकी संलिप्तता के विश्वसनीय सबूतों के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया।

इसलिए, नवीनतम संदेश ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच काफी चिंता पैदा कर दी, जिन्होंने स्पष्ट रूप से लाहौर के एक कार्यालय में व्हाट्सएप संदेश का पता लगाया है। धमकी भेजने के लिए कुछ दिनों के लिए व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया था। माना जा रहा है कि इस अकाउंट का संचालन आईएसआई के करीबी माने जाने वाले शख्स ने किया था। कहा जा रहा है कि यह भारत के खिलाफ पाकिस्तान की ओर से एक नए तरह के खतरे की शुरूआत हो सकती है। 2012 के संयुक्त राष्ट्र के एक दस्तावेज में कहा गया था कि हिंसा के स्पष्ट खतरे, जिसमें हथियारों के उपयोग के संबंध में भी शामिल है इंटरनेट का उपयोग करने से चिंता, भय या दहशत पैदा हो सकती है। 2019 में, आतंक और आंतरिक सुरक्षा पर एक प्रसिद्ध अमेरिकी विशेषज्ञ, पीटर चाक ने आईएसआई को एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया साइटों, सुरक्षित दूरसंचार प्लेटफार्मों और आतंकवादी हमलों को अंजाम देने या निगरानी करने के लिए ऑनलाइन मैपिंग तकनीक का लाभ उठाने की चेतावनी दी थी। अब तक, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य जैसे सोशल मीडिया टूल का व्यापक रूप से आतंकवादी गतिविधियों के लिए भर्ती और धन जमा करने के लिए उपयोग किया जाता रहा है। आतंक की दहशत पैदा करने के लिए सोशल मीडिया आउटलेट्स का उपयोग करना शायद आईएसआई जैसी प्रायोजक एजेंसी द्वारा किए गए पहले प्रयासों में से एक हो सकता है। कुख्यात एजेंसी भारत के बारे में दुष्प्रचार फैलाने के लिए कई हजार फर्जी ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन आतंक पैदा करने के लिए उन्हीं साधनों का उपयोग करना वैश्विक आतंकवादी समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की नकल है। अल-कायदा और आईएसआईएस जैसी कई वैश्विक आतंकवादी संस्थाओं ने आम जनता के साथ-साथ सरकारों के बीच आतंक और दहशत पैदा करने के लिए भयानक वीडियो और सिर काटने के संदेशों को प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया टूल का उपयोग किया है। ऐसे सोशल मीडिया हमलों को आतंकवादी अपराध के बराबर माना जाना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वीकृत किया जाना चाहिए।

## आंध्र प्रदेश में सरकारी बस में अचानक लगी आग, बाल-बाल बचे 60 यात्री

**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश में शुक्रवार को सरकारी सडक़ परिवहन निगम (आरटीसी) की एक बस में अचानक आग लग गई। इस हादसे का शिकार होने से कम से कम 60 यात्री बाल-बाल बचे। घटना शुक्रवार सुबह कृष्णा जिले के वेंत्रप्रगड़ा के पास की है।



आंध्र प्रदेश राज्य सडक़ परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की बस छात्रों सहित 60 यात्रियों के साथ गुडीवाड़ा से विजयवाड़ा जा रही थी। बस के इंजन में अचानक आग लग गई। धुंआ देख ड्राइवर ने बस को रोका और यात्रियों को नीचे उतरने को कहा। पूरी बस में आग लगने से पहले सभी यात्री सुरक्षित नीचे उतर गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना में किसी को चोट नहीं आई। हालांकि, बस पूरी तरह जलकर खाक हो जाने के कारण यात्रियों ने अपना सामान खो दिया। उनमें से कुछ नकद, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान शामिल थे। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करने का तोहफा, 36 हजार छात्रों को स्कूटर देगी सरकार

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** इस वर्ष की उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 36,000 मेधावी छात्रों को असम सरकार ने स्कूटर देने का फैसला किया है, जिसमें अधिकतर लड़कियां शामिल हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने मीडिया को बताया कि इस हफ्ते, असम कैबिनेट ने 258.9 करोड़ की लागत से कार्यक्रम को लागू करने का प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास करने वाले कुल 35,800 छात्रों जिसमें 29,748 लड़कियों और 6,052 लडक़ों को स्कूटर दिया जायेगा। प्रथम श्रेणी के इन छात्रों ने परीक्षाओं में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे।

रिपोर्ट के मुताबिक इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार छात्रों को पंजीकरण और बीमा के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। सीएमओ ने कहा कि कैबिनेट ने प्रांतीय कॉलेजों में निश्चित वेतन पर काम करने वाले सहायक प्रोफेसरों के मासिक पारिश्रमिक को बढ़ाकर 55,000 रुपये करने का भी फैसला किया है। पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने कहा कि कैबिनेट ने मैदानी इलाकों में पहाड़ी जनजातियों और पहाडिय़ों में मैदानी जनजातियों को प्रमाण पत्र जारी करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले आर्थिक, शैक्षिक और रोजगार लाभों का फायदा उठाने में मदद करने के लिए उपायुक्तों द्वारा 'मिशन भूमिपुत्र' के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। असम कैबिनेट ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह भी तय किया गया है कि हयात समूह द्वारा काजीरंगा में एक होटल विकसित किया जाएगा।

## कुशीनगर : पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर को लगी गोली, दो अन्य गिरफ्तार

**कुशीनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पुलिस ने बीती देर रात कसया, फाजिलनगर के बीच राजमार्ग पर घाघी पुल के समीप मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गये तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि तुर्कपट्टी, तमकुहीराज एवं तरयासुजान की संयुक्त पुलिस टीम पर पशुतस्करों के गिरोह ने गोलीबारी की। जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर घायल हो गया, जिसे दो अन्य के साथ पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने घायल पशु तस्कर को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के दौरान हुयी, जब बीती देर रात मुखबिर की सूचना पर जिले की तुर्कपट्टी, तमकुहीराज एवं तरयासुजान पुलिस ने नाकेबंदी कर इस गिरोह को धर दबोचा। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में घाघी पुल के पास नाकेबंदी कर वाहनों की चेकिंग के दौरान बिहार के तरफ जा रहे संदिग्ध ट्रक को रोकने पर ट्रक में सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर पैर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।



पुलिस ने घायल तस्कर समेत दो अन्य तस्करों को दबोच लिया। घायल तस्कर की पहचान शाहजहांपुर निवासी बबलू पुत्र दरबारी बंजारा के रूप में हुई। इनके अलावा पकड़े गये दो अन्य तस्करों की पहचान शाहजहांपुर निवासी राहिल पुत्र बसीर बंजारा एवं रामपुर निवासी हसन बंजारा पुत्र मोबिन बंजारा के रूप में हुई। इनके ट्रक से पुलिस ने 24 से अधिक प्रतिबंधित पशु और असलहे बरामद किये।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंध्र में समुद्र में चार छात्र डूबे

**बापटला (आरएनएस)।** आंध्रप्रदेश में वेतापलम मंडल के रामपुरम समुद्र तट पर इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्र डूबने की घटना सामने आयी है। पुलिस ने आज यहां बताया कि जीवीआर इंजीनियरिंग कॉलेज के सात इंजीनियरिंग छात्रों का एक समूह दोपहर में समुद्र तट पर गया था। उनमें से चार छात्र तैरने के लिए समुद्र में चले गए इस दौरान एक विशाल लहर की चपेट में आकर समुद्र में डूब गये। छात्र महादेव का शव समुद्र से निकाला लिया गया। विधायक कर्णम बलराम ने समुद्र तट का दौरा किया और अधिकारियों से दुखद घटना की जानकारी ली। अन्य तीन इंजीनियरिंग छात्रों की पहचान रमना, गौतम और रोहित के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि अब तक एक शव बरामद हुआ है शेष तीन का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि चार अक्टूबर को इसी तरह की घटना में सूर्यलंका समुद्र तट पर छह किशोर डूब गये थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवकों की मौत

**अलवर (आरएनएस)।** राजस्थान में अलवर जिले के मालाखेड़ा थाना अंतर्गत श्याम गंगा मार्ग पर अवैध खनन से लदे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर लगने के बाद भागते ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक देवेंद्र सिंह राजपूत और साहिल गांव विलेटा के रहने वाले हैं। दोनों दोस्तों ने 12वीं कक्षा की पढ़ाई के लिए अलवर में दाखिला लिया और किराए का कमरा ले कर रहते थे। गुरुवार की देर शाम दोनों बाइक पर निकले थे और श्याम गंगा और सताना रोड पर पीछे से आते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी कुचलने से दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है वन विभाग पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारी सांठगांठ से यह अवैध खनन चलता है। आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं।

### सोसाइटी में चले लाठी-डंडे, दो महिलाएं चोटिल

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा की हाई राइज सोसाइटीज में एक के बाद एक कई घटनाएं सामने आ रही हैं। बीती रात भी सेक्टर 78 स्थित हाइड पार्क सोसायटी अपॉर्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है की इस दौरान एक पक्ष की तरफ से सोसाइटी के सिक्योरिटी गाडऱ्ें ने भी डंडे बरसाए। इसमें दो महिलाएं घायल हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। कोतवाली सेक्टर 113 पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोसाइटी में अध्यक्ष पद को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। पहले भी दोनों पक्षों के बीच तनातनी सामने आ चुकी है। रात में सोसाइटी में अध्यक्ष पद को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी दौरान पुष्पेंद्र और दिनेश नेगी पक्ष के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि सोसाइटी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने दिनेश नेगी के पक्ष में लोगों के साथ मारपीट की। इससे सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस ने मामला शांत करवाया। पुलिस ने बताया कि 2 सिक्योरिटी गाडऱ्ें को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा 00

### मुरैना में अवैध रुप से पटाखा बनाने के मामले में एक युवक गिरफ्तार

**मुरैना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से हुई कई लोगों मृत्यु के बाद आज एक अवैध पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मार बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बानमौर कस्वे में कल पटाखा फेक्ट्री में विस्फोट से हुई मौतों के बाद आज एक अवैध पटाखा बनाने बाली फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में पटाखा बनाने बाला विस्फोटक ( सामग्री ) बरामद कर इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की सिलायथा गांव में आसिम खान नामक युवक अवैध पटाखे बनाने एवं बिक्री करने का काम करता है। मुखबिर की सूचना के आधार पर आसिम खान निवासी सिलायथा के घर पर दविश दी तो कमरे में करीब ढाई हजार तैयार पटाखे और 5000 पटाखे बनाने वाले खाली कोखे व साथ ही 5 किलो बारूद भी जप्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अन्य ठिकानों के बारे में पूछताछ कर रही हैं।